भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2521 का उत्तर

आमान परिवर्तन

2521. श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रेल लाइन को मीटर गेज से ब्रॉड गेज रेल लाइन में बदलने का काम पूरा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की अहमदाबाद से हिम्मत नगर के रास्ते दिल्ली तक और मुंबई-नांदेड़-मोडासा और शामलाजी के रास्ते दिल्ली के बीच रेलगाड़ी चलाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो इन रेलगाडियों के कब तक चालू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

आमान परिवर्तन के संबंध में दिनांक 16.03.2022 को लोक सभा में श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़ के अतारांकित प्रश्न सं. 2521 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): मोडासा-शामलाजी रोड नई रेल लाइन परियोजना सहित अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर आमान परिवर्तन (317.73 किलोमीटर) को वर्ष 2008-09 में स्वीकृति दी गई थी। परियोजना की प्रत्याशित लागत 2165 करोड़ रु. है। मार्च, 2021 तक 1,831 करोड़ रु. खर्च किया गया है। वर्ष 2021-22 के दौरान 240 करोड़ रु. के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

अहमदाबाद-हिम्मतनगर-डुंगरपुर-जय समंद (234 किलोमीटर) और खरवचंदा-उदयपुर (24 किलोमीटर) खंड़ों का आमान परिवर्तन पूरा कर लिया गया है और शेष खंड में कार्य शुरू किया गया है।

इसके अलावा, मोडासा-शामलाजी रोड नई रेल लाइन परियोजना में भी भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

अहमदाबाद से दिल्ली बरास्ता हिम्मतनगर और मुंबई से दिल्ली बरास्ता नांदेड़, मोडासा और शामलाजी के बीच रेलगाड़ी सेवाओं पर मोडासा-शामलाजी रोड नई रेल लाइन परियोजना सहित अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर आमान परिवर्तन के पूरा होने पर विचार किया जा सकता है।

******